# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक / मु.चि.अ. / 2026 / 3702 कांकेर, दिनांक 26 / 07 / 2026

प्रति,

संचालक,
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषयः– जिले में मलेरिया से हुए मृत्यु के संबंध में जानकारी प्रेषित करने बाबत्।

----000----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिले में मलेरिया से दिनांक 25.07.2026 को 01 व 26.07.2026 को 01 कुल 02 मृत्यु होने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

**सुभाष कुमेटी उम्र 10 वर्ष ग्राम डुडेरापाल ( वि.खं.केशकाल जिला कोंडागांव)**

बालक आश्रम मर्दापोटी वि.ख. कांकेर जो कि मर्दापोटी आश्रम मे रहकर पढाई कर रहा था। आश्रम के दो बच्चे को बुखार होने पर दिनांक 21 / 07 / 2026 को आश्रम अधीक्षक के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार हेतु ले जाया गया। जिसमें जिसमें आशीष कवाची 11 वर्ष एवं संजीव कुमार 9 वर्ष दोनो का **RD Kit** से जांच करने पर **PFR** पाया गया जिन्हे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी के चिकित्सक के द्वारा **ACT** एवं प्राइमाक्वीन का पहला खुराक खिलाया गया एवं शेष खुराक को आश्रम अधीक्षक को दिया गया।

दिनांक 22.07.2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आश्रम के 46 बच्चों का **RD** किट से जांच किया गया जिसमें तामेश्वर भास्कर 9 वर्ष, निकिस 8 वर्ष का **PFR** पॉजेटिव पाया गया जिनको मलेरिया की खुराक दी गयी। **RFS** के दौरान सुभाष कुमेटी की जांच की गयी जिसमें वह निगेटिव पाया गया था।

दिनांक 24 / 07 / 26 को सुभाष कुमेटी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी भेजा गया जहां मलेरिया जांच PFR पॉजीटिव पाया गया, जो कि दिनांक 22.07.2026 को मलेरिया जांच में निगेटिव पाया गया था। जिन्हे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी के चिकित्सक के द्वारा ACT एवं प्राइमाक्वीन का पहला खुराक खिलाया गया एवं शेष खुराक को आश्रम अधीक्षक को दिया गया उसके पश्चात बच्चे को पालकों द्वारा दिनांक 25.07.2026 को सुबह 10.00 बजे अपने गृहग्राम डुडेरापाल विकासखंड केशकाल ले गये, अधीक्षक द्वारा बची हुई खुराक पालकों को दी गयी थी लेकिन उसी रात लगभग सुबह 03.00 बजे बच्चे की तबीयत खराब होने पर बच्चे को मेडिकल कालेज हास्पिटल कांकेर में भर्ती कराया गया था दिनांक 26.07.2026 को सुबह 06.00 बजे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।

Scanned with OKEN Scanner

# कु. करीना विश्वकर्मा उम्र 09 वर्ष ग्राम डोमाहर्रा विकासखंड कांकेर

विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम डोमाहर्रा (उपरपारा) में निवासी श्री तीजाराम विश्वकर्मा अपनी 03 बेटियों जिसमें कु. रवीना विश्वकर्मा 11 वर्ष, सलीना 05 वर्ष एवं करीना विश्वकर्मा 09 वर्ष को बुखार की शिकायत पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोमाहर्रा में दिनांक 23.07.2026 को ले जाया गया। जिसमें RD Kit से जांच करने पर तीनो बच्चियों को PFR Positive पाया गया। जिन्हे उप स्वास्थ्य केन्द्र डोमाहर्रा में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा ACT एवं प्राइमाक्वीन का पहला खुराक खिलाया गया एवं शेष खुराक को उनके अभिभावक को दिया गया। दिनांक 23.07.2026 को उनके घर के आस--पास RFS किया गया।

दिनांक 24.07.2026 को इन बच्चियों के पिता श्री तीजाराम का RD Kit से जांच किया गया जो निगेटिव पाया गया लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक नही था जिसे देखते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोमाहर्रा के कर्मचारियो द्वारा उन्हे 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार उपचार हेतु भेजा गया व उनके तीनो बच्चियों को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार में भर्ती कराया गया। जहां तीजाराम विश्वकर्मा का पुनः जांच करने पर PFR Positive पाया गया जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार में उपचार किया गया। कु करीना विश्वकर्मा की तबियत अचानक बिगड़ने लगी जिसे देखते हुए दिनांक 25.07.2026 को रात्रि 12.50 को मेडिकल कॉलेज कांकेर रिफर किया गया जिसकी उपचार के दौरान दिनांक 25.07.2026 को सुबह 07.30 बजे मृत्यु हो गयी।

दोनो प्रकरणों में दिनांक 22.07.2026 को मलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत जांच किया गया जिसमें निगेटिव पाया गया था।

अतः जानकारी आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

26/07/26

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
कांकेर, दिनांक 26 / 07 / 2026

पृ.क्रमांक / स्था. / 2026 / 3702-A

**प्रतिलिपिः–**

1. आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवायें स्वास्थ्य भवन सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य भवन सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. राज्य कार्यक्रम अधिकारी (NVBDCP) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाये बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. कलेक्टर जिला– उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. जिला मलेरिया अधिकारी, जिला– उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सूचनार्थ।
7. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला– उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सूचनार्थ।
8. कार्यालयीन प्रति।

26/07/26

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner